**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2541**
**उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024**

**बीएसएनएल और एमटीएनएल में 6जी प्रौद्योगिकी**

**2541. एडवोकेट के. फ्रांसिस जॉर्ज:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में 6जी प्रौद्योगिकी के विकास और अपनाने को बढ़ावा देने में बीएसएनएल और एमटीएनएल की क्या भूमिका है;
(ख) बीएसएनएल और एमटीएनएल कम लागत वाली इंटरनेट सेवाएं प्रदान करके गांवों में डिजिटल विभाजन को दूर करने में किस प्रकार योगदान दे रहे हैं;
(ग) सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बीएसएनएल और एमटीएनएल द्वारा की गई विशिष्ट पहल क्या हैं; और
(घ) सरकार संपूर्ण देश में डिजिटल अवसंरचना का विस्तार करने के लिए बीएसएनएल और एमटीएनएल द्वारा पेश की गई अपेक्षाकृत कम कीमतों का किस प्रकार लाभ उठाने की योजना बना रही है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

**(क) से (घ)** बीएसएनएल देश भर में स्वदेशी रूप से विकसित एक लाख 4जी साइट संस्थापित कर रहा है। यह उपकरण 5जी में अपग्रेड करने योग्य है।

बीएसएनएल को देश के ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रों सहित सेवा से वंचित गांवों को कवरेज प्रदान करने के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का कार्य सौंपा गया है जिनमें 4जी सेचुरेशन स्कीम, सीमा चौकी (बीओपी)/सीमा आसूचना चौकी (बीआईपी), वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) और लक्षद्वीप द्वीपसमूह में दूरसंचार अवसंरचना के संवर्धन आदि जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।

इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में हाई स्पीड एफटीटीएच ब्रॉडबैंड की पहुंच में सुधार के लिए 1.39 लाख करोड़ रु. के परिव्यय के साथ संशोधित भारतनेट कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 04.08.2023 को मंजूरी दी गई है, जिसमें सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में विस्तारित 1.5 करोड़ एफटीटीएच कनेक्शन उपलब्ध कराने का प्रावधान है। बीएसएनएल इस स्कीम के लिए परियोजना प्रबंधन एजेंसी है।

*****